भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.12.2022 के
तारांकित प्रश्न सं. 218 का उत्तर

ओखा-हरिद्वार एक्सप्रेस की सप्ताह में तीन बार सेवा

218. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **क्या ओखा तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच ट्रेन सं. 19565/19566 ओखा-हरिद्वार एक्सप्रेस के सप्ताह में तीन बार प्रचालन के लिए मंत्रालय को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है.**

(ख) **क्या यह सच है कि सौराष्ट्र के लोगों की भारी सार्वजनिक मांग के बावजूद इस प्रस्ताव को आस्थगित रखा गया है;**

(ग) **यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और**

(घ) **इस प्रस्ताव के कार्यान्वयन में कितना समय लगने की संभावना है?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

ओखा-हरिद्वार एक्सप्रेस की सप्ताह में तीन बार सेवा के संबंध में दिनांक 21.12.2022 को लोक सभा में श्री मोहनभाई कुंडारिया द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 218 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): जी हां। गाड़ी सं. 19565/19566 ओखा-देहरादून एक्सप्रेस के फेरे सप्ताह में एक दिन से बढ़ाकर सप्ताह में तीन दिन करने के लिए माननीय संसद सदस्य सहित अनुरोध प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच करवाई गई है परन्तु दोनों छोर पर टर्मिनल संबंधी तंगियों और मार्गवर्ती खंडों पर मार्ग संबंधी कठिनाइयों सहित परिचालनिक कठिनाइयों के कारण, इसे व्यवहारिक नहीं पाया गया है। बहरहाल, रेलगाड़ी सेवाओं के फेरे बढ़ाना एक सतत प्रक्रिया है, जो परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, यातायात औचित्य आदि पर निर्भर करता है।

******